सितंबर 2023

# सही काम सही से करना (Doing the Right Thing Right)

### विविधता और सम्मान की संस्कृति

हम सभी कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं और हम एक ऐसी कार्यस्थलीय संस्कृति के लिए प्रतिबद्ध हैं जहाँ सभी व्यक्तियों के साथ सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाता है, चाहे उनकी संरक्षित विशेषताएँ, जैसी स्थानीय, राज्य या संघीय कानून द्वारा परिभाषित हैं, कुछ भी हों; ऐसी विशेषताओं में नस्ल/जाति, रंग, धार्मिक संप्रदाय (धार्मिक परिधान और सजने-संवरने/व्यवहार-प्रशिक्षण की प्रथाएँ शामिल) राष्ट्रीय मूल (कुछ भाषा उपयोग प्रतिबंध शामिल), वंशावली, अशक्तता (मानसिक व शारीरिक, HIV और AIDS शामिल), मेडिकल स्थिति (कैंसर और आनुवंशिक विशेषताएँ शामिल), आनुवंशिक जानकारी, वैवाहिक स्थिति, आयु, जैविक लिंग (गर्भावस्था, प्रसव, स्तनपान और संबंधित मेडिकल स्थितियाँ शामिल), सामाजिक लिंग, लैंगिक पहचान, लैंगिक अभिव्यक्ति, यौन झुकाव, और सैन्य व पूर्व-सैनिक स्थिति शामिल हैं पर वे इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। नीति

### देखभाल की गुणवत्ता और रोगी की सुरक्षा

हम हर बार सर्वोत्तम और *सहानुभूतिशील* देखभाल और सेवा प्रदान करने को प्रतिबद्ध हैं और हम गुणवत्ता व रोगी *सुरक्षा* के राष्ट्रीय मानकों को संतुष्ट करने और उनसे भी बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करते हैं। देखभाल की गुणवत्ता और रोगी की सुरक्षा से संबंधित जो भी समस्या हो उसकी सूचना देना कार्यबल के सदस्यों की ज़िम्मेदारी है और उनका दायित्व है। नीति

### संसाधनों की रखवाली

हम रोगी देखभाल और संगठन के लक्ष्यों के समर्थन में संसाधनों की प्रभावी तरीके से रखवाली के लिए प्रतिबद्ध हैं और संसाधनों का उपयोग केवल वैध व्यावसायिक प्रयोजनों से ही करते हैं। नीति

### हितों का टकराव (Conflicts of Interest, COI) प्रतिबद्धता

हम वास्तविक या काल्पनिक COI से बचेंगे और हम ऐसे किसी भी बाहरी हित या गतिविधियों, अनुबंधों और संबंधों को प्रकट करने पर सहमत हैं जो संगठन से टकराव में हो सकते हैं। उपहार, नकद, या नकद समकक्षों का अनुरोध या स्वीकार नहीं करके, हम वेंडरों, अनुसंधान प्रायोजकों और अनुबंधों के साथ निष्पक्ष संबंध बनाए रखते हैं। नीति

### नैतिक और कानूनी मानक

हम *न्याय* के समर्थन में पेशेवर और नैतिक ढंग से आचरण करते हैं और हम सभी संघीय, राज्य और स्थानीय कानूनों के अनुसरण में हमारे कार्य दायित्वों का निर्वहन करेंगे। नीति

## हमारी आचार संहिता



### अनुपालन संबंधी, निजता संबंधी या अन्य समस्याओं की सूचना देने के तरीके

- अपने से ठीक ऊपर के सुपरवाइज़र से मामले या समस्या पर चर्चा करें
- अपने डिपार्टमेंट लीडर से मामले या समस्या पर चर्चा करें
- अपने ह्यूमन रिसोर्सेस (Human Resources, HR) पार्टनर या ह्यूमन रिसोर्सेस सर्विस सेंटर से चर्चा करें या ह्यूमन रिसोर्सेस पोर्टल के ज़रिए सूचना भेजें
- अपने स्थानीय या क्षेत्रीय अनुपालन अथवा निजता प्रतिनिधि से संपर्क करें
- 24/7 इंटेग्रिटी हॉटलाइन को 888-294-8455 पर कॉल करें या
  हमारे वेब-आधारित रिपोर्टिंग विकल्प, इंटेग्रिटी ऑनलाइन का उपयोग करें
- भारत में स्थित देखभालकर्ताओं के लिए:
  - किसी बाहरी लाइन से, यह डायरेक्ट एक्सेस नंबर डायल करें: 000-117
  - अंग्रेज़ी संकेत पर, 888-294-8455 डायल करें

*आप पहचान छिपाकर भी समस्याओं की सूचना दे सकते हैं*

### गुणवत्ता या रोगी सुरक्षा से संबंधित किसी समस्या की सूचना देने के लिए

- अपने से ठीक ऊपर के सुपरवाइज़र से मामले या समस्या पर चर्चा करें
- अपने डिपार्टमेंट लीडर से मामले या समस्या पर चर्चा करें
- अपने क्वालिटी लीडर या प्रतिनिधि से चर्चा करें
- 24/7 इंटेग्रिटी हॉटलाइन को 888-294-8455 पर कॉल करें या
  हमारे वेब-आधारित रिपोर्टिंग विकल्प, इंटेग्रिटी ऑनलाइन का उपयोग करें
- HRP - उच्च विश्वसनीयता मंच (High Reliability Platform)
  - सूचना देने के लिए संगठन के किसी नेटवर्क पर होना आवश्यक है

SPEAK UP FOR SAFETY

### रोगी की जानकारी, निजता और गोपनीयता की सुरक्षा करना

हम रोगी की जानकारी की सुरक्षा के लिए हर संभव सावधानी बरतते हैं, और हम सभी की सुरक्षित रखी गई स्वास्थ्य जानकारी (Protected Health Information, PHI) के साथ विशेष सावधानी बरतेंगे। साथ ही, हम सभी संघीय, राज्य और स्थानीय कानूनों का पालन करेंगे। नीति

### शोध का नैतिक आचरण

हम नैतिकता के सर्वोच्च मानकों का पालन करते हैं और मानव, पशु व बुनियादी व्यावहारिक विज्ञान शोध को नियंत्रित करने वाले सभी कानूनों, विनियमों, दिशानिर्देशों और नैतिक निर्देशों (जहाँ लागू हों) का अनुपालन करते हैं। नीति

### लाइसेंस स्वीकृति और प्रमाणन

हम सभी स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के क्षेत्र से संबंधित पेशेवरों के लिए यह अनिवार्य करते हैं कि वे लाइसेंस स्वीकृति, क्रेडेंशियलिंग और प्रमाणन आवश्यकताओं पर लागू सभी संघीय, राज्य और स्थानीय कानूनों का अनुपालन करें। बहिष्कृत प्रदाता सूचियों में शामिल व्यक्ति हमारे संगठन के लिए काम नहीं कर सकते हैं। नीति

### लागू संघीय और राज्य कानूनों तथा विनियमों और नीतियों का अनुपालन

हमारे संगठनों के परिवार के भीतर आने वाले किसी भी नियोक्ता के लिए या उसकी ओर से काम करने वाले सभी पक्षों के लिए यह आवश्यक करके हम *उत्कृष्टता* सुनिश्चित करते हैं कि वे सभी कानूनों, विनियमों और नीतियों को जानें और उनका पालन करें। नीति

### बिज़नेस करने के उचित तौर-तरीके

हम हमेशा नैतिकता, ईमानदारी और *सत्यनिष्ठा* के साथ आचरण करते हैं। नीति

### उल्लंघनों की सूचना देने का दायित्व और प्रतिशोध से सुरक्षा

हमारी संहिता के किसी भी उल्लंघन या संदिग्ध उल्लंघन, धोखाधड़ी, अपव्यय, दुरुपयोग या गुणवत्ता अथवा रोगी सुरक्षा से संबंधित समस्याओं की सूचना, आवश्यकता के अनुसार, भली नीयत से देना, कार्यबल के हर सदस्य की ज़िम्मेदारी है। Providence की प्रतिशोध-विरोध नीति, और एक सीमा तक, सरकारी कानून, कार्यबल के सदस्यों को किसी वास्तविक या संभावित अनुचित कृत्य अथवा दुराचरण के बारे में समस्याएं ज़ाहिर करने के कारण प्रतिशोध या उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा देते हैं। नीति

**गुणवत्तापूर्ण देखभाल देते समय, उचित नैतिक निर्णय लेते समय और हमारे संगठन के लक्ष्यों को हासिल करने में हमारा मिशन, हमारा विज़न, हमारी मान्यताएँ और हमारा वचन मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करते हैं। कार्यबल के सदस्य होने के नाते, हम अपने काम में हमारे निर्णयों और कृत्यों की सत्यनिष्ठा के लिए जवाबदेह हैं। हमसे संबंधित जो भी संदिग्ध उल्लंघन या समस्याएं हों, हम उनकी सूचना देने के लिए बाध्य हैं। आचार संहिता दिन-प्रतिदिन के हमारे कार्य में हमसे की जाने वाली अपेक्षाओं की एक नींव प्रदान करती है।**